प्रेस नोट थाना हरपुर बुदहट जनपद गोरखपुर दिनांक 20.12.2024

गोतस्करी का अपराध कारित करने के आरोप में 25,000 रूपये का ईनामिया अभियुक्त गिरफ्तार

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी गीडा के पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष हरपुर बुदहट के नेतृत्व में मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 121/2021 धारा 420/120बी भादवि व 3/5अ/8 गो0नि0अधि0 व 11 पशु क्रुरता अधि0 से संबंधित इनामिया/वांछित अभियुक्त मुस्ताक मियां पुत्र स्व0 मैनुद्दीन मियां निवासी कुचायकोट थाना कुचायकोट जनपद गोपालगंज बिहार को गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

अभियुक्त द्वारा दिनांक 22/11/2021 को अपने साथियों के साथ मिलकर गोवंशियों को पिकअप में लादकर ले जाया जा रहा था। चेकिंग के दौरान थाना स्थानीय की पुलिस टीम द्वारा उक्त पिकअप को रोककर 01 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया था तथा अन्य अभियुक्त भागने में सफल रहे थें। गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत किया गया था। मुकदमा में विवेचना के दौरान अभियुक्त मुस्ताक उपरोक्त का नाम प्रकाश में आया था जिसपर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा 25,000 रूपये का इनाम घोषित किया गया था।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

मुस्ताक मियां पुत्र स्व0 मैनुद्दीन मियां निवासी कुचायकोट थाना कुचायकोट जनपद गोपालगंज बिहार

गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0 121/21 धारा 420/120बी भादवि व 3/5अ/8 गो0नि0अधि0 व 11 पशु क्रुरता अधि0 थाना हरपुर बुदहट जनपद गोरखपुर

आपराधिक इतिहास-

मु0अ0सं0 91/24 धारा 174ए भादवि थाना हरपुर बुदहट जनपद गोरखपुर

गिरफ्तारी की टीम-

1. थानाध्यक्ष महेश चौबे थाना हरपुर बुदहट जनपद गोरखपुर
2. व0उ0नि0 तनवीर अहमद खाँ थाना हरपुर बुदहट जनपद गोरखपुर
3. उ0नि0 प्रवीण कुमार कश्यप थाना हरपुर बुदहट जनपद गोरखपुर
4. का0 गोरखनाथ यादव थाना हरपुर बुदहट जनपद गोरखपुर
5. का0 विजय कुमार नाग थाना हरपुर बुदहट जनपद गोरखपुर